नव भारत
1934 से


5 टीएमसी से त्रस्त जनता चाहती है बदलाव : शाह


6 पृथ्वी को ही खात्मा करने को आमादा


7 कच्चे तेल की कीमतों में 10 प्रतिशत तक उछाल


10 मुश्किल दौर में संजू ने की बेहतरीन वापसी

# बेलगाम युद्ध : ईरान में लाशों का अंबार

## अमेरिका के साथ फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी समेत 14 देश

**555** लोगों की ईरान में हमले के दौरान हुई मौत

**630** से ज्यादा रूट्स पर इंडिया ने रोकी उड़ानें

**3000** से ज्यादा उड़ानें दुनियाभर की हुई रद्द


अमेरिकी विमान धराशायी

**तेहरान, 02 मार्च (वार्ता) ईरान ने तीन अमेरिकी लड़ाकू विमानों को मार गिराया है. इसके अलावा यह भी दावा किया कि ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने इजरायली प्रधानमंत्री के कार्यालय पर हमला किया. एक ईरानी सैन्य कमान ने सोमवार को यह जानकारी दी. ईरान के दावे का अमेरिकी मिलिट्री ने खंडन किया है. कहा कि कुवैत ने 3 अमेरिकन एयरक्राफ्ट को गलती से मार गिराया. इसी के साथ साइप्रस के दक्षिणी तट पर अक्रोटिरी में ब्रिटिश एयरबेस पर सोमवार सुबह एक ड्रोन ने हमला किया. यह हमला ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के इस ऐलान के तुरंत बाद हुआ कि वह अमेरिका को ईरानी मिसाइलों को वहीं नष्ट करने के लिए ब्रिटिश सैन्य बेस का इस्तेमाल करने की इजाजत देंगे.**

हमले के बाद मिडिल ईस्ट में हवाई सेवाओं पर बड़ा असर पड़ा है. एयरस्पेस बंद होने और कई जगह पाबंदियां लगने से अब तक 3 हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं. इससे क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर व्यापक असर पड़ा है. एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट ने मिलकर 630 से ज्यादा रूट्स पर उड़ानें रोक दी हैं.

बता दें कि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले तीसरे दिन भी जारी रहे और ईरान ने प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करते हुए खाड़ी के कई देशों को निशाना बनाया. इन हमलों में ईरान में बीते दो दिनों में 555 लोगों की मौत हो गई है और देश के 131 नगरों को इन हमलों में खासा नुकसान पहुंचा है. युद्ध क्षेत्रों में मानवीय सहायता पहुंचाने वाली संस्था रेड क्रिसेंट ने यह जानकारी दी है. इस बीच फ्रांस और ब्रिटेन ने ईरान के हमले के शिकार बने खाड़ी देशों की मदद का ऐलान किया है.

इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नए नेतृत्व के साथ परमाणु वार्ता फिर से शुरू करने पर सहमति जताई है. ट्रंप ने साक्षात्कार में कहा है वे बातचीत करना चाहते हैं और मैंने बातचीत के लिए सहमति दे दी है, इसलिए मैं उनसे बात करूंगा. उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वे किससे बात करेंगे. उधर ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ किसी भी नई बातचीत से इनकार कर दिया है. वहीं इजरायल के लेबनान पर हुए हमले में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई और करीब डेढ़ सौ घायल हो गए.

### हमले में खामेनेई की घायल पत्नी की मौत



खामेनेई की पत्नी मंसूरे खोजस्ते बागेरज़ादेह की भी इलाज के दौरान मौत की खबर सामने आ रही है. जानकारी के मुताबिक अमेरिका और इजरायल की ओर से की गई संयुक्त कार्रवाई में खामेनेई की मौत हो गई थी. जबकि उनकी पत्नी घायल हो गई थीं. सोमवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. मंसूरे खोजस्ते बागेरजादेह की उम्र 79 वर्ष थी, उनका जन्म ईरान के मशहद में हुआ था. वह इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) के पूर्व उप निदेशक हसन खोजस्ते बगेरजादेह की बहन थीं.

### प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी प्रिंस और बहरीन किंग से बात की



**नई दिल्ली, 02 मार्च.** ईरान हमलों के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने बहरीन के किंग हमाद बिन ईसा अल खलीफा और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और पीएम मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद से बात की. पीएम मोदी ने इन दोनों देशों पर हुए हमलों की निंदा की और दोनों देशों में भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर चर्चा की. पीएम मोदी ने एक्स पर बताया कि बहरीन के किंग हमाद बिन ईसा अल खलीफा के साथ फोन पर चर्चा हुई. सऊदी के प्रिंस से भी उनकी बात हुई. भारत सऊदी अरब पर हाल ही में हुए हमलों की निंदा करता है, जो उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है. इससे पहले, पीएम मोदी ने रविवार रात संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की थी और खाड़ी देश पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की थी. मोदी ने कहा कि भारत इस मुश्किल घड़ी में यूएई के साथ पूरी एकजुटता से खड़ा है. मोदी ने खाड़ी देश में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यूएई के राष्ट्रपति को धन्यवाद भी दिया और कहा कि भारत तनाव कम करने, क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता का समर्थन करता है.

### हिजबुल्लाह के खुफिया प्रमुख को मार गिराया

हिजबल्लाह के खुफिया मुख्यालय के प्रमुख हुसैन मकलेद इजरायल के हमले में सोमवार को बेरुत में मारे गए. इजरायल रक्षा बल के अनुसार, लेबनान से इजरायल पर दागे गए रॉकेटों के जवाब में, आईडीएफ ने बेरुत में हिजबल्लाह के वरिष्ठ आतंकवादियों, दर्जनों केंद्रों और हथियार जमा करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एक स्थल पर सटीक हमला किया.

### ईरान पर कार्रवाई के लिए तीन देश तैयार

ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के बीच कहा है कि वे ईरान के खिलाफ 'आवश्यक और आनुपातिक रक्षात्मक कार्रवाई' के लिए तैयार हैं. तीनों देशों की ओर से जारी बयान में कहा गया, हम क्षेत्र में अपने और अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएंगे, जिसमें आवश्यक और आनुपातिक रक्षात्मक कार्रवाई सक्षम करना शामिल हो सकता है.

### कराची में विरोध प्रदर्शन में 23 लोगों की मौत

अमेरिका और इजरायल के संयुक्त मिसाइल हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में हुए प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 23 लोगों की मौत हो गयी और अनेक घायल हो गये. पंजाब सरकार और इस्लामाबाद प्रशासन ने धारा 144 लागू करते हुए सार्वजनिक सभाओं, रैलियों और प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगा दिया.

### मोदी को पता नहीं था हमला होगा : रुवेन

पीएम मोदी इजराइल दौरे पर 25 और 26 फरवरी को थे. इसके ठीक बाद 28 फरवरी को इजराइल ने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान पर स्ट्राइक्स कर दीं. सवाल उठ रहे हैं कि क्या इजराइल दौरे पर होते हुए पीएम मोदी को इसकी जानकारी दी गई थी? इन चर्चाओं के बीच भारत में इजराइल के राजदूत रुवेन अजार ने साफ कहा कि पीएम मोदी को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी.



रंगों के त्योहार का जश्न !

# कृषि कैबिनेट : होली से पहले किसानों को सतरंगी सौगात

नवभारत न्यूज

**बड़वानी, 2 मार्च. राज्य सरकार ने ठीक होली से पहले प्रदेश के किसानों को सतरंगी सौगातें दी है. बड़वानी जिले के भीलट बाबा देवस्थल नागलवाड़ी में हुई कृषि कैबिनेट में किसानों के लिए 27 हजार 500 करोड़ रुपए की अलग- अलग योजनाओं और कार्यक्रमों को मंजूरी दी गई है.**

राज्य सरकार इस वर्ष किसान कल्याण वर्ष मना रही है. ऐसे समय जब पूरा निमाड़ क्षेत्र भगोरिया के रंग में रंगा हुआ है, उस समय पूरा कैबिनेट निमाड़ के बड़वानी जिले में मौजूद था. इस रंग में रंगने से कैबिनेट भी नहीं बच सका. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित पूरा मंत्रिमंडल ही जनजातीय पारंपरिक परिधान में कैबिनेट के लिए पहुंचें.

किसान कल्याण वर्ष के मौके पर पहली कृषि कैबिनेट है. ये कृषि कैबिनेट का सिलसिला अब प्रदेश में निमाड़ से निकलकर दूसरे हिस्सों में भी चलेगा, जहां किसानों के कल्याण के लिए लगातार निर्णय लिए जाएंगे. किसानों और विभिन्न उत्पादक गतिविधियों में लगे लोगों



के लिए 25 हजार 678 करोड़ रूपये की योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, वहीं नर्मदा नियत्रंण मण्डल की बैठक में बड़वानी जिले की 2 सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण के लिए 2,068 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति भी दी गई है. योजनाओं के लिए स्वीकृत राशि अगले पांच वर्ष तक खर्च की जाएगी. कैबिनेट ने पशु चिकित्सालय एवं अन्य भवनों के अधोसंरचनात्मक विकास के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अगले 5 वर्षों तक पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए 610 करोड़ 51 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की. यह कार्य वर्ष 2026 से 2031 तक निरंतर जारी रहेंगे.

(शेष पेज 8 पर)

# वंतारा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्घाटन के एक साल बाद, कई जानवरों को ठीक किया गया और जंगल में वापस भेजा गया



जामनगर, गुजरात: वंतारा फाउंडेशन डे पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्घाटन के एक साल पूरे होने पर, वंतारा वाइल्डलाइफ रेस्क्यू, एडवांस्ड मेडिकल केयर और साइंस-लेड कंज़र्वेशन में एक साल के असर पर बात करता है। अनंत मुकेश अंबानी द्वारा शुरू की गई, वंतारा ने बड़ी बिल्लियों, रेप्टाइल्स, प्राइमेट्स, पक्षियों और दूसरे मैमल्स सहित कई तरह के हज़ारों बचाए गए जंगली जानवरों को ठीक किया है। पिछले एक साल में, इसकी वेटेरिनरी टीमों ने कई मुश्किल सर्जिकल प्रोसीजर किए हैं और कई जानवरों को उनके नेचुरल हैबिटैट में वापस भेजा है, साथ ही रेस्क्यू, ट्रीटमेंट और रिकवरी के बाद कुछ जानवरों को जंगल में वापस भेजा है।



अपने पहले साल में, अनंत अंबानी को वाइल्डलाइफ केयर और कंज़र्वेशन में उनके शानदार ग्लोबल योगदान के लिए प्रतिष्ठित ग्लोबल ह्यूमेन अवॉर्ड मिला है, जो दयालु, साइंस-लेड कंज़र्वेशन के प्रति कमिटमेंट को दिखाता है। वंतारा के काम को EARAZA और SEAZA की मेंबरशिप, ग्लोबल ह्यूमन कंज़र्वेशन सर्टिफ़िकेशन, और प्राण मित्र अवॉर्ड 2025 के ज़रिए इंटरनेशनल लेवल पर भी पहचान मिली है। पहचान के अलावा, ऑर्गनाइज़ेशन ने लंबे समय तक चलने वाला असर बनाने, सैकड़ों जानवरों के डॉक्टरों को कंज़र्वेशन मेडिसिन में ट्रेनिंग देने, 50 से ज़्यादा नेशनल और इंटरनेशनल नॉलेज-शेयरिंग इवेंट होस्ट करने, और कंज़र्वेशन स्टीवर्ड्स की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए डिज़ाइन किए गए आउटरीच प्रोग्राम के ज़रिए हज़ारों बच्चों को जोड़ने पर फ़ोकस किया है।

पिछले एक साल में, वंतारा ने जानवरों को मुश्किल और शोषण वाली स्थितियों से बचाया है, साथ ही लॉगिंग, सर्कस, राइड्स और भीख मांगने से बचाए गए 250 से ज़्यादा हाथियों को वर्ल्ड-क्लास जानवरों की देखभाल और लंबे समय तक, खास मदद दी है, जिनमें से कई आर्थराइटिस और उम्र से जुड़ी दूसरी बीमारियों से जूझ रहे हैं। वंतारा भीड़भाड़ वाली जगहों से बचाए गए हज़ारों मगरमच्छों की भी लगातार देखभाल करता है। दुनिया भर के साथ-साथ पूरे भारत में भी मिल रहे सपोर्ट के साथ, वंतारा दया, भलाई और साइंस पर आधारित एक ग्लोबल कंज़र्वेशन मॉडल को दिखाता है। नेशनल रेफरल सेंटर फॉर वाइल्डलाइफ (वेस्ट ज़ोन) के तौर पर बनाया गया, वंतारा ने वाइल्डलाइफ हेल्थ को बड़े डिज़ीज़ सर्विलांस और कोऑर्डिनेटेड रिस्पॉन्स सिस्टम में इंटीग्रेट करके इंडिया के वन हेल्थ इकोसिस्टम को मज़बूत किया है। इसके साइंटिफिक बैकबोन में साइंटिफिक लैबोरेटरी और 11 सैटेलाइट लैबोरेटरी शामिल हैं, जिन्हें 70 से ज़्यादा स्पेशलिस्ट सपोर्ट करते हैं और जो रोज़ाना 2,000 से ज़्यादा डायग्नोस्टिक सैंपल प्रोसेस करते हैं, जिसमें बायो-बैंकिंग, नेक्स्ट-जेनरेशन सीक्वेंसिंग, मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स, पैथोलॉजी, पैरासिटोलॉजी और टॉक्सिकोलॉजी जैसी कैपेबिलिटीज़ शामिल हैं। रोज़ाना हज़ारों से ज़्यादा जानवरों को सपोर्ट करते हुए, वंतारा पूरी तरह से ऑटोमेटेड सिस्टम के ज़रिए 1,56,000 kg हाई-क्वालिटी न्यूट्रिशन बनाता है, जिसे 50 टेम्परेचर-कंट्रोल्ड गाड़ियों के ज़रिए डिलीवर किया जाता है और 200 क्वालिफाइड प्रोफेशनल्स द्वारा मैनेज किया जाता है, जिसमें चारा और जानवरों का चारा उगाने वाले 1,000 से ज़्यादा किसान सपोर्ट करते हैं। इंटीग्रेटेड केयर के इस स्केल को 200 मेंबर की राउंड द क्लॉक रिस्पॉन्स टीम मैच करती है जिसने 50 से ज़्यादा इंटरनेशनल रेस्क्यू ऑपरेशन और 15 वाइल्डलाइफ रैपिड रिस्पॉन्स और रेस्क्यू टीम डिप्लॉयमेंट में सपोर्ट किया है।







कंजर्वेशन का मतलब आखिरकार स्पीशीज़ को ज़िंदा रहने का दूसरा मौका देना है। पिछले साल, स्ट्रक्चर्ड ब्रीडिंग और रीवाइल्डिंग प्रोग्राम ने बड़ी संख्या में खतरे में पड़ी प्रजातियों के लिए उम्मीद जगाने में मदद की है। सबसे खास उपलब्धियों में से एक गुजरात फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के साथ पार्टनरशिप में बर्दा वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी में 53 चित्तीदार हिरणों को छोड़ना, साथ ही इंडोनेशिया में स्नेक-नेक्ड टर्टल रीवाइल्डिंग इनिशिएटिव था। इनमें से हर कोशिश साइंस के दम पर इकोसिस्टम को ठीक करने और वाइल्डलाइफ को उनके प्राकृतिक घरों में सावधानी और दया के साथ वापस भेजने के लिए वंतारा के गहरे कमिटमेंट को दिखाती है। जब पंजाब में भयानक बाढ़ आई, तो वंतारा प्रभावित समुदायों के साथ खड़ा रहा, मानवीय और आपदा प्रतिक्रिया प्रयासों का समर्थन किया, जिससे हजारों जानवरों की सुरक्षा हुई और दस लाख से ज़्यादा लोगों को सहारा मिला। इस प्रतिक्रिया ने एक आसान लेकिन दमदार सच्चाई को और पक्का किया: इकोलॉजिकल लचीलापन और इंसानों की भलाई आपस में गहराई से जुड़ी हुई हैं, और एक की देखभाल का मतलब है दूसरे की देखभाल करना।

अपनी शुरुआत के एक साल बाद, वंतारा एक इंटीग्रेटेड, साइंस के दम पर कंज़र्वेशन इकोसिस्टम बन गया है, जो बड़े पैमाने पर बचाव, रिसर्च, रीवाइल्डिंग और कम्युनिटी एंगेजमेंट को आगे बढ़ा रहा है। इसके दिल में एक साफ़ और दयालु मिशन है: ऐसा कंज़र्वेशन असर पैदा करना जिसे मापा जा सके, जो वाइल्डलाइफ़ की रक्षा करे, कम्युनिटीज़ को मज़बूत करे, और भारत और दुनिया भर में ज़्यादा सस्टेनेबल भविष्य में योगदान दे।